संख्या-104/2024-001-21-9002(001)/2/2023-(-1)-9-

प्रेषक,

के० रवीन्द्र नायक,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव,
फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी
विभूति खण्ड,गोमती नगर,
लखनऊ।

भाषा (उर्दू) अनुभाग-1 लखनऊःदिनांकः 26 अप्रैल, 2024

विषयः वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन भत्तों,मानदेय इत्यादि के भुगतान हेतु धनराशि की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या 328 (एफ.ए) दिनांक 21.03.2024 के सम्बन्ध में पर मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय, फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन भत्तों,मानदेय इत्यादि के भुगतान हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2024-2025 में प्राविधानित बजट रू०79.64 लाख (रूपये उनासी लाख चौसठ हजार मात्र ) के सापेक्ष विगत वित्तीय-वर्ष 2023-24 में फखरूद्दीन अली अहमद कमेटी के पास अवशेष धनराशि रू० 5.83 लाख (रू० पांच लाख तिरासी हजार मात्र) को समायोजित करते हुये रू०73.81 लाख (रूपये तिहत्तर लाख इक्यासी हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित नियम व शर्तो/ प्रतिबन्धों तथा दिशा निर्देशों के अधीन व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

**नियम व शर्तें/प्रतिबन्धो**

1- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय केवल वेतन,भत्तों व मानदेय इत्यादि के अतिरिक्त किसी भी नयी मदों,सेवाओं तथा योजनाओं पर व्यय न किया जाये तथा अवमुक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण-पत्र दिनांक 15 अप्रैल,2025 तक शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

2- स्वीकृत धनराशि कोषागार से एकमुश्त आहरित नहीं की जायेगी बल्कि आवश्यकतानुसार व्यय की सीमा तक कोषागार से आहरित की जायेगी और नियमानुसार ही सक्षम अधिकारी की अनुमति से व्यय की जायेगी तथा बिल आहरण एवं वितरण अधिकारी,भाषा विभाग,उ०प्र० शासन द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- उपर्युक्त अनुदान पर वही नियम लागू होंगे जो वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के अध्याय-16-ए में दिये गये है। इसके अतिरिक्त वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप सॅख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च ,2024 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उक्त के अतिरिक्त स्थायी मितव्ययिता सम्बन्धी आदेशों तथा बजट मैनुअल का पालन भी सुनिश्चित किया जाये।

4- इस सम्बन्ध में होने वाले व्यय रुपये रू०73.81 लाख (रूपये तिहत्तर लाख इक्यासी हजार मात्र) को चालू वित्तीय -वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक **अनुदान सॅख्या**-039 के **लेखा शीर्षक**-2202051020700-स्व.फखरूद्दीन अली अहमद स्मारक समिति को अनुदान **मानक मद** 31-सहायता अनुदान-सामान्य(वेतन) के नामे डाला जायेगा।

5- ये आदेश वित्त (आय-व्ययक ) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या 1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च ,2024 मे प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है|

भवदीय,

(के० रवीन्द्र नायक)
प्रमुख सचिव।

**संख्या-104/2024-001-21-9002(001)/2/2023-(-1)-9-तददिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/ द्वित्तीय ,उ०प्र० प्रयागराज।

2- महालेखाकार(लेखा परीक्षा) प्रथम/ द्वित्तीय,उ०प्र० प्रयागराज।

3- निदेशक,स्थानीय निधि लेखा परीक्षा,उ०प्र० प्रयागराज को इस आशय से प्रेषित कि फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल के लेखों का सम्परीक्षण प्रतिवेदन शासन को यथासमय भेजने का कष्ट करें।

4- कोषाधिकारी,कलेक्ट्रेट ,लखनऊ।

5- आहरण एवं वितरण अधिकारी, ,(भाषा लेखा प्रकोष्ठ )भाषा विभाग,उ०प्र० शासन।

6- वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी,उ०प्र० हिन्दी संस्थान,लखनऊ।

7- वित्त(व्यय-नियन्त्रण)अनुभाग-7/वित्त(आय-व्ययक)अनुभाग-1

8 -भाषा (उर्दू) अनुभाग-4

9- नोडल अधिकारी (बजट अलाटमेंट) भाषा विभाग, ,उ०प्र० शासन।(श्री रतन दीप दीक्षित)

10- गार्ड फाइल।

(आज्ञा से,
(विनय श्रीवास्तव )
अनुसचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।